## महत्वपूर्ण एवं खास

### दामाद ने ससुराल वालों से की मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** शराब के नशे में युवक ने अपने ससुराल वालों से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार एकता नगर टेमरी निवासी प्रार्थी गेंदलाल बाघमार 56 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका दामाद आरोपी डाकेश्वर सरपार 35 वर्ष ने अपने ससुराल आकर प्रार्थी व उसके परिवार से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला माओवादियों के साथ कांग्रेसी नेता गिरफ्तार

#### तेलंगाना के हनमकोंडा में किया गया गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के भोपालपटनम ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के जी सत्यम के साथ दो महिला माओवादियों को तेलंगाना के हनमकोंडा में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेसी नेता द्वारा महिला माओवादियों को उपचार के लिए हनमकोंडा लेकर जा रहा था। इसी दौरान हनमकोंडा पुलिस ने किया गिरफ्तार। मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं।

### जहरीले सर्प ने मासूम को उतारा मौत के घाट

**कोरबा (आरएनएस)।** घर में तडक़े 5 बजे सो रहे मासूम को जहरिले सर्प ने डस कर उसे मौत के घाट उतार दिया। चैतमा चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार पाली थाने की चैतमा चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रामाकछार के सरार पारा में निवासरत भंवर सिंह पंडो का तीन वर्षीय पुत्र संदीप पंडों कल तडक़े 5 बजे अपने घर में जमीन पर सोया था, इसी दौरान विषैले सर्प ने रेंगते हुए मासूम के पास पहुंचकर उसे डस लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे झाडफ़ूंक व अन्य स्तर पर उपचार कराया। अंतत: उसकी मौत हो गई। चैतमा चौकी पुलिस सूचक बहादूर सिंह पंडों की सूचना पर मर्ग क्रमांक 118/22 कायम कर शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। कोरबा।

### पत्नी की हत्या का फरार आरोपी जेल प्रहरी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के थाना सिटी कोतवाली में 09 सिंतबर 2022 को राजेश यादव जिला जेल प्रहरी दंतेवाडा द्वारा सूचना दिया गया कि जेल प्रहरी विजय बजरे की पत्नी श्रीमती नीलम बजारे अपने मकान में फांसी लगा ली है। सूचना पर थाना दंतेवाडा पुलिस द्वारा गर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया, मृतिका श्रीमती नीलम बंजारे के शव का पीएम कराया गया, पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका के शरीर में कई चोट एवं मृतिका की मृत्यु दम घुटने से आत्महत्यात्मक प्रकृति का होना लेख करने एवं गवाहों तथा मृतिका के परिजन द्वारा विजय बंजारे द्वारा मृतिका नीलम बजारे के साथ मारपीट लड़ाई-झगडा कर प्रताडित करना बताया गया। पुलिस के द्वारा मर्ग दर्ज कर जाँच पर से आरोपी विजय बजारे के द्वारा अपने पत्नी के साथ मारपीट कर शाररिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करना पाये जाने से धारा 306 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से आरोपी विजय बंजारे फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों की टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी, उक्त टीम को मिली सूचना पर फरार आरोपी विजय बंजारे पिता छेदीलाल बंजारे उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मुखपार थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा से गिरफ्तार कर लाया जाकर, कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

# राजस्व अधिकारी अपनी कार्यशैली में लाएं बदलाव - मुख्यमंत्री

- नामांतरण और सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश
- अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि से फसल क्षति के मामलों में किसानों को राहत राशि दिलाने में संवेदनशीलता से करें कार्य
- कलेक्टर और कमिश्नर नियमित रूप से करें तहसीलों का निरीक्षण
- भ्रष्टाचार के मामलों में हो सख्त कार्यवाही



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन राजस्व विभाग के काम-काज की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग के ढीले-ढाले काम-काज पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और कलेक्टरों से कहा कि राजस्व का काम-काज चुस्त-दुरूस्त होना चाहिए। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं। लोगों के काम समय-सीमा के भीतर होना चाहिए। कलेक्टर और कमिश्नर नियमित रूप से तहसील कार्यों के निरीक्षण करें। अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि से फसल क्षति की समीक्षा करते हुए सभी कलेक्टरों को संवेदनशीलता के साथ प्रभावित किसानों को समय सीमा में आरबीसी 6(4) अंतर्गत राहत राशि दिलाने के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने कहा कि नामांतरण के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण होना चाहिए। सभी राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निपटाएं। नागरिकों को राजस्व प्रकरणों में देरी से परेशानी नहीं होनी चाहिए। नागरिकों के कार्य को समय सीमा में न करने पर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व आय की प्राप्तियों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, श्रीमती रेणु. पिल्ले, पीसीसीएफ संजय शुक्ला सहित सभी संभागों के राजस्व कमिश्नर, जिलों के कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

#### तीन साल से जमे पटवारियों का होगा तबादला

कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा कि 3 साल से एक स्थान पर जमे पटवारियों का तबादला करें। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में सीमांकन प्रकरणों में देरी पर भी गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इन क्षेत्रों में राजस्व अमलों को बदला जाए। उन्होंने ने कहा कि सीमांकन प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में होना चाहिए। इसी प्रकार नए जिलों में नागरिकों को राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का लाभ मिलना चाहिए।

#### बैगा, गुनिया, पुजारियों को मिले न्याय योजना लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में बैगा, गुनिया, पुजारियों को भी योजना में जोड़ा गया है। इस योजना के हितग्राहियों को योजना की जानकारी के साथ-साथ उन्हें योजना का लाभ दिलाएं।

#### पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा गंगरेल डेम का आइलैंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को रात रुकने के लिए अच्छे होटल होना जरूरी है। उन्होंने गंगरेल डेम में आइलैंड को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने भी कहा। उन्होंने कहा कि बेहतर आवासीय सुविधा देने राज्य और देश के विभिन्न स्थानों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढोत्तरी होगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

#### राम वन गमन पर्यटन परिपथ में आवासीय सुविधा

राम वन गमन परिपथ में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा परिपथ में आने वाले महत्वपूर्ण स्थलों में पर्यटकों को आवासीय सुविधा देने की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए कॉन्सेप्ट प्लान में आवास के प्रावधान को शामिल किया जाए।

#### कोण्डागांव में होगा बंदोबस्त सर्वे

मुख्यमंत्री ने राजस्व सचिव और कलेक्टर कोंडागाँव को कोंडागाँव ज़िले में बंदोबस्त सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए कलेक्टर को कार्ययोजना बनाकर तत्काल कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने बंदोबस्त सर्वे के लिए कमिश्नर और पुराने एसएलआर का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बंदाबस्त कार्य में रिटायर राजस्व अधिकारियों का सहयोग लेने को भी कहा।

## मानसिक विछिप्त ने मारा पत्थर तो लोगो ने की पिटाई, वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त दिव्यांग को 2 लोग रोड पर घसीट घसीट कर पीट रहे हैं. ये पूरा मामला बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड का है. जहां एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को कुछ लोग पीटते नजर आ रहे हैं. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह लोग झुंड बनाकर एक अपाहिज को लातों से बेरहम तरीके से पीट रहे हैं।

बताया जा रहा है, कि विक्षिप्त दिव्यांग नूतन चौक सरकंडा में रहने वाला मोहम्मद आलम है. दिव्यांग खाना खाने के लिए होटल में घुसने की कोशिश कर रहा था. इस दौरान होटल कर्मचारियों से उसका विवाद हो गया और उसने होटल के बाहर ही गालियां देना शुरू कर दिया।

इस दौरान उसने पत्थर उठाकर होटल के कांच पर दे मारा, जिसकी वजह से कांच टूट गया, फिर क्या था. सुरुचि होटल के कर्मचारी बाहर निकले और लातों से दिव्यांग को पीटना शुरू कर दिया।

इस दौरान दिव्यांग ने जो लाठी पकड़ी थी, उससे भी उसकी जमकर पिटाई कर दी गई. इधर होटल कर्मियों का कहना है कि दिव्यांग शराब के नशे में था और गाली-गलौज कर रहा था. मना करने पर उसने पत्थर मारा, जिससे गेट में लगा कांच टूट गया.

वह सुरुचि भोजनालय के अंदर भोजन खा रहे लोगों की तरफ पत्थर फेंक कर गाली गलौज कर रहा था. बहरहाल मामले में तारबाहर पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## ट्रक ने हेल्पर को कुचला, मौत: कुसमुंडा खदान में लगातार दूसरे दिन हादसा, ट्रक ड्राइवर फरार



**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के कुसमुंडा खदान में शनिवार को लगातार दूसरे दिन हुए हादसे में एक शख्स की मौत हो गई। खदान में नारायणी कंपनी का ट्रक मिट्टी परिवहन का काम कर रहा था। वहीं ट्रक के सामने ही हेल्पर आराम से बैठा हुआ था। इसी बीच ड्राइवर ने ट्रक आगे बढ़ा दी, जिससे हेल्पर वाहन के पहिये के नीचे आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

कुसमुंडा थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि मृत हेल्पर का नाम राम चरण 22 वर्ष था, जो पाली चैतम का रहने वाला था। इधर घटना के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है। हादसा आज शाम सवा 4 बजे हुआ। वहां काम कर रहे अन्य कर्मचारियों ने कुसमुंडा पुलिस थाने में खबर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घटना की खबर मिलते ही खदान में कर्मचारियों की भीड़ जमा हो गई और इसकी सूचना ट्रक कंपनी नारायणी को दी गई। कुसमुंडा खदान में नारायणी कंपनी ने मिट्टी खुदाई कर परिवहन का काम हाथ में लिया है। उसके कई वाहन खदान में चलते हैं। कंपनी के कर्मचारियों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। शुक्रवार को भी कुसमुंडा थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे में समानता कंपनी के एक मजदूर की मौत हो गई थी, वहीं दूसरा मजदूर घायल हो गया था।

समानता कंपनी में रैक लोडिंग के लिए बनाए जा रहे बंकर में ऊंचाई पर कई मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से कुछ मजदूर लोहे के एक बड़े से पिलर को दूसरे लोहे पर जमा रहे थे। इसी दौरान क्रेन में लटका हुआ लोहा अनियंत्रित हो गया था। इससे ऊंचाई पर काम कर रहे मजदूर भी अपनी जगह से फिसल गए थे। इनमें से 2 मजदूर लोहे के बड़े. बड़े पिलर से जा टकराए और सैकड़ों फीट की ऊंचाई पर सेफ्टी बेल्ट से हवा में लटक गए थे। दूसरे कर्मचारियों की मदद से मजदूरों को वहां से उतारा गया था। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान परदेस कुमार नाम के मजदूर ने दम तोड़ दिया, वहीं दूसरे मजदूर का इलाज अभी भी चल रहा है।

## मासूम की कुएं में डूबकर मौत: गेंद के पीछे-पीछे गया था नन्हा कान्हा



**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के राताखार में शनिवार को कुएं में डूबकर एक ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। बच्चे के पिता लक्ष्मण सिदार ने कहा कि वो मजदूरी करने के लिए घर से निकला हुआ था, वहीं उसकी पत्नी घर के कामकाज में लगी हुई थी। इसी बीच उनका ढाई साल का बच्चा कान्हा खेलते-खेलते कुएं के पास पहुंच गया। कुएं में झांकने के दौरान वो उसमें गिर गया और इतना बड़ा हादसा हो गया।

कोतवाली थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि बच्चा आंगन में गेंद से खेल रहा था। इसी दौरान गेंद लुढक़ते हुए कुएं के पास चला गया था। बच्चा भी गेंद के पीछे-पीछे वहां पहुंच गया और कुएं में गिर गया। मां कौशल्या सिदार जब कमरे से बाहर निकली, तो बच्चा उसे कहीं नहीं दिखा। उसके दो और बच्चे खेलने के लिए बस्ती में गए हुए थे। ढाई साल का बच्चा अकेला ही घर के आंगन में खेल रहा था। इधर मां को अंदेशा हुआ और दौडक़र वो कुएं के पास पहुंची। कुएं के अंदर बच्चे की बॉल तैरती हुई मिली। इधर मां ने तुरंत शोर मचाया। उसकी आवाज सुनकर मोहल्ले वाले वहां जमा हो गए। तुरंत कुएं में लोग उतरे, जहां बच्चे की लाश मिली। शव को कुएं से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना किया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने कहा कि कुआं आंगन से महज 100 मीटर की दूरी पर बना हुआ है, जिसमें कोई रेलिंग नहीं है। खुला कुआं होने से इतना बड़ा हादसा हुआ है। लक्ष्मण और कौशल्या के दो और बच्चे हैं, जिनकी उम्र 6 साल और 4 साल है। 6 साल का बच्चा पढ़ाई करता है, लेकिन दुर्गा पूजा की छुट्टी अभी चल रही है, इसलिए स्कूल नहीं गया था। दोनों बच्चे बस्ती में बाकी बच्चों के साथ खेल रहे थे। अपने छोटे भाई की मौत की बात सुनकर वे भी सदमे में हैं।

## बच्चा चोरी की अफवाह में दो लोगों की पिटाई



**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग शहर में बच्चा चोरी की अफवाह और लोगों द्वारा बेकसूरों की पिटाई की घटनाएं थमने का ना नहीं ले रही है। दुर्ग में हाल के दिनों में दो घटनाएं ऐसी सामने आई और बीती रात दुर्ग के गंजपारा में तीसरी घटना हो गई। यहां बीते चार से किराए का मकान लेकर रहे दिल्ली के एक फेरीवाले व उसके साले को बच्चा चोर होने के शक में लोगों ने बुरी तरह से पीट दिया। खुद को बचाने के लिए दोनों घर में घुसकर कमरे में बंद होना पड़ा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची तब जाकर दोनों की जान बची। घटना कोतवली थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार गंजपारा में बीते चार वर्षों से किराए का मकान लेकर एक फेरीवाला अपने परिवार के साथ रहता है। वह गली मोहल्लों में घूमकर दरी व कपड़ा बेचने का काम करता है। दीपावली सीजन होने के कारण उसने अपने साले को भी दुर्ग बुला लिया। शनिवार देर रात फेरीवाला व उसका साला खाना खाकर घर के बाहर टहल रहे थे। इस दौरान किसी ने अफवाह फैला दी कि यह लोग बच्चा चोर हैं। फिर क्या था देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई और इनकी पिटाई करने लगी। भीड़ को हावी होतो देख दोनों भागकर अपने घर में अपने आप को कमरे में कैद कर लिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों को कमरे से निकाला। इस दौरान वहां के लोग काफी आक्रोशित दिखेत्र पुलिस दोनों को थाने ले आई और डॉक्टरी मुलाहिजा कराया। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## 36वां नेशनल गेम: छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल महिला टीम ने पिछली बार की विजेता केरल को 1-0 से हराया

- अपने पूल में सबसे आगे है छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल महिला टीम कल दिल्ली से होगा मुकाबला

**रायपुर (आरएनएस)।** 36वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल महिला टीम ने आज पिछली बार की विजेता केरल की टीम को 1-0 से हरा दिया। 5 इनिंग तक चले इस रोमांचकारी मैच में दर्शकों की दिलचस्पी अंत तक बनी रही। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल महिला टीम मेजबान गुजरात और केरल को हराकर अपने पूल में सबसे आगे है। कल छत्तीसगढ़ का मैच दिल्ली के साथ होगा। आज हुए मुकाबले में केरल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया और छत्तीसगढ़ को पहले बैटिंग करने के लिए कहा। केरल ने शानदार शुरुआत की और अपनी जोरदार पिचिंग में छत्तीसगढ़ के पहले बैटर गंगा सोना को शून्य पर आउट कर दिया, लेकिन दूसरे बैटर अंजू तांडी ने केरल की जोरदार पिचिंग का बहुत ही हिम्मत के साथ मुकाबला किया और हिट मारकर पहले बेस में पहुंचने पर कामयाब रही। उसके बाद छत्तीसगढ़ की बरखा यादव ने भी अपनी बैटिंग से अंजू तांडी को थर्ड बेस तक पहुंचाने में मदद की। बैटिंग का यह क्रम आगे नहीं बढ़ पाया और सोनाली साव ने एक लंबा हिट मारा जो कैच हो गया और इस तरह सोनाली आउट हो गई। लेकिन इस दौरान अंजू तांडी ने बेहतरीन रनिंग का प्रदर्शन करके एक रन पूरा कर लिया। इसके बाद छत्तीसगढ़ की फील्डिंग में गंगा सोना ने बहुत जोरदार पिचिंग की और केरल की सभी बेहतरीन बैटर को शून्य पर आउट कर दिया। इस प्रकार पहले इनिंग पर छत्तीसगढ़ की टीम 1-0 से आगे हो गई। दूसरी से लेकर पांचवी इनिंग तक दोनों ही टीमें रन बनाने के लिए जोर आजमाइश करते रहे लेकिन बार-बार थर्ड बेस पहुंचने के बावजूद कोई भी टीम रन बनाने में कामयाब नहीं हो सकी। केरल ने पांचवी इनिंग तक छत्तीसगढ़ को और रन बनाने का मौका नहीं दिया। इस समय तक छत्तीसगढ़ केरल की टीम से से एक ही रन से ही आगे थी। इसके बाद केरल की बैटिंग थी। जिसमें केरल ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और खेल रोमांचकारी हो गया। एक बार तो ऐसा लगा कि केरल की टीम एक ही हिट में 2 रन बना लेगी लेकिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी बरखा यादव, अंजू तांडी ने बेहतरीन फील्डिंग करते हुए बहुत ही कठिन कैच पकड़े जिससे केरल की टीम शून्य पर आउट हो गई और इस संघर्षपूर्ण मैच को छत्तीसगढ़ 1-0 से जीतने में कामयाब रही।




## एक शिक्षक के कंधे पर पहली से पांचवी तक की जिम्मेदारी



**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिलान्तर्गत खंड शिक्षा कार्यालय पाली के पहाड़ी व बीहड़ वनांचल आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत बारी उमराव के मोहल्ला भदभद में नौनिहाल उधार के कच्चे मकान में पढऩे को मजबूर हैं। बच्चों की पहली से पांचवी तक की पाठशाला इसलिए उधार के कमरों में लग रही है, क्योंकि 3 वर्ष पहले कक्षा संचालन के दौरान स्कूल भवन के छत का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। गनीमत ये रही कि छत किसी बच्चे के ऊपर सीधे नही गिरी अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। हालांकि बच्चों को छुट-पुट चोटें जरूर आई थी। जिसके बाद स्थिति को देखते हुए जर्जर स्कूल भवन में ताला लटका दिया गया। तब से लेकर आज पर्यंत तक कक्षा पहली से पांचवी तक के दर्जनों बच्चों को खपरैल वाले उधार के मकान में पढ़ाना बेहतर समझा जा रहा है। लगभग 30-35 घरों के परिवार निवासरत वाले भदभद मोहल्ला में विगत 1998 से पाठशाला का संचालन हो रहा है, लेकिन तब कक्षा दुबराज सिंह नामक ग्रामीण के घर के एक कोने में लगती थी। सन 2006-07 में यहां प्राथमिक शाला भवन का निर्माण हुआ। तब जाकर बच्चों को शासकीय शाला भवन मिल सका, लेकिन भवन जल्द ही जर्जर हो जाने के कारण 3 वर्ष पहले कक्षा संचालन के दौरान छत का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया, जिसके बाद से पाठशाला ग्रामीण धरमपाल गोड़ के मकान में लगाई जा रही है। जहां कक्षा पहली से पांचवी तक वर्तमान में करीब 33 बच्चे अध्यनरत है। बच्चों को यहां पदस्थ एकमात्र शिक्षक कलेश्वर सिंह आर्मो शिक्षक ज्ञान देते हुए अपने जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे है।

यहां के ग्रामीणों में दिलीप सिंह, बुद्धुसिंह, सुखदेव कंवर सहित अन्य ने बताया कि जर्जर शासकीय स्कूल भवन का छत टूटकर गिरने के बाद पढऩे वाले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रख वहां ताला लगा दिया गया। जिसके हालात से खण्ड शिक्षाधिकारी पाली व जिला प्रशासन को भी अवगत कराते हुए नए शाला भवन का मांग की गई थी, जिसे आज तक संज्ञान में नही लाया गया हैं।